# <u>मानवतावादी प्रत्याशी</u>

## <u>संसद के लिए प्रत्याशी</u>

पूरे भारतवर्ष में मानवतावादी प्रत्याशियों को अगले लोक सभा चुनावों में उतारा जाएगा तथा आपका अपने निर्वाचन क्षेत्रसे उम्मीदवार बनने हेतु आवेदन आमन्त्रित है। उम्मीदवार को निम्नलिखित मापदंड पूरे करने होगें।

1. आप अपराधी न हों।
2. आपकी निःस्वार्थ सामाजिक कार्यों में रूचि हो।
3. आप आम आदमी को अपने अभियान से जोड़ने के लिए स्थानीय कोष का प्रवन्धन लोगों से ही तैयार कर सकें।
4. आप सभी गतिविधियों में बिना निजी अपवाद के अहिंसा को अपनाने के लिए तैयार हों।
5. आप मानवतावादी घोषणा पत्र से अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित सारे देशको अवगत कराने हेतु अथक कार्य करने हेतु तैयार हों। पर्टी को आपकी सामाजिक राजनैतिक गतिविधियों के रूप मे प्राथमिकता के तौर पर इसकी आवश्यकता है।
6. आप चुनाव अभियान तथा उसके बाद पार्टी के निर्णयानुसार कार्य करने को तैयार हों।
7. आप निर्वाचन आयोग मापदंडों के अनुरूप कानुनन सक्षम उम्मीदवार हों।
8. आपको स्वयं को सच्चा मानवतावादी बनाने के लिए पार्टी के वयैक्तिक विकास कार्यक्रम में सहभागी बनना होगा।
9. जमीनी स्तर पर किसी सामाजिक संगठन से जुड़ा होना आपकी अतिरिक्त योग्यता मानी जाएगी।

**यदि आप इच्छुक हैं तो हमसे अपने सामाजिक राजनैतिक ब्योरे के साथ शीघ्रातिशीघ्र सम्पर्क करें**

www.humanistparty.org info@humanistparty.org

# <u>शिक्षा, शान्ति व प्रगति</u>

निम्नलिखित लक्ष्य (मानवतावादी घोषणा पत्र के कुछ बिन्दु) को **5** वर्षो की कालावधि मे **15-20%** से भी कम रक्षा बजट का भाग लक्षीत कार्यो हेतु खर्च करके प्राप्त किया जा सकता है।

## कार्यशील अहिंसा का मानवतावादी प्रस्तावः

**1.** सक्रिय अहिंसा **2.** मानव केन्द्रीय मूल्य **3.** सहकारी व्यवस्था

**4.** भेदभाव रहित (अभेदकारी) **5.** विकल्प एवं गैर ऐकाधिकार का सिधान्तः

उपरोक्त सिधान्तों पर आधारित **मानवतावादी पार्टी** का गठन **1984** में मानवतावादी आन्दोलन के द्वारा राजनीति को भ्रष्टाचार एवं हिंसा मुक्त बनाने हेतु किया गया था। विश्व में जन्म लेने वाले व्यक्ति के जीवन हेतु गुणकारी आवश्यकता की देखभाल समाज द्वारा की जाती है। मानव धनशक्ति, सम्मान के झूठे मुल्य से परे जा सकता है। यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि जब हम देखतें हैं कि गत **50** वर्षो में विश्वभर में कोई भी नया वैज्ञानीक आविश्कार नहीं किया गया है, इससे ऐसा लगता है कि मानव विकास बिल्कुल रूक गया है तथा सभी व्यक्ति अधिकाधिक धनशक्ति, सम्मान बटोरने के चक्कर में है। यह रूकना चाहिये और रास्ता बदला जाना चाहिये। यह केवल मानवतावादी सरकार के गठन से सम्भव है, जिससे राजनीति उच्चतम स्तर एवं उत्तम निःस्वार्थ समाज सेवा प्रणाली का स्वरूप धारण कर सकेगी तथा पूर्ण जनसंख्या निवासियों की देखभाल बिना किसी भी तरह के भेदभाव के की जा सकेगी।

राजनीति में भ्रष्ट राजनीतिज्ञों एवं अपराधियों से छुटकारा पाने के लिए निर्णायक रूप से आगे बढ़ें और सच्चा एवं प्रत्यक्ष लोकतन्त्र की प्राप्ति हेतु इमानदार, सादा, मानवतावादी नागरिकों को आगे लाकर व्यवस्था परिवर्तन करें।

**अधिक विवरण के लिए वेबसाइट देखें तथा इस गम्भीर प्रयास में हाथ बटाएं**


www.humanistparty.org info@humanistparty.org

फोन ः 0-93124-65666

# संसदीय चुनाव 2009 राजनेताओं की आवश्यकता है

जो भारत को अहिंसा, अभेदकारीता की ओर ले जा सके, तथा सभी को शिक्षा, स्वास्थय, काम, आवास, सुरक्षा, और प्रगति उपलब्ध करा सके। यदि आप युवा हैं, आशावादी भारतीय हैं, इमानदार हैं, निष्कपट हैं, निःस्वार्थी हैं, साहसी हैं, और जाती, धर्म, क्षेत्र, भाषा, लिंग आदि के भेदों को मिटाने में स्वयं सक्षम समझते हैं

**तो हमें है आपकी तलाश!**

15 वीं लोकसभा के चुनाव मार्च - अप्रैल - मई 2009 तक होने तय हैं। एच. पी. ईमानदार, लोकोन्मुख मानवतावाद में विश्वास करने वाले युवा लोगों को जनता के उम्मीदवार के रूपमें इस ऐतिहासिक अवसरपर भागीदार बनाने के लिए आमन्त्रित करती है।

यदि, आपको स्वयं पर एवं भारत के भविष्य पर स्वाभिमान के साथ विश्वास है तो तुरन्त हमसे सम्पर्क करें जिससे वास्तविक लोकतन्त्र का कार्य आपके चुनाव क्षेत्र में शीघ्र शुरू किया जा सके।

# मानवतावादी प्रस्तावः शिक्षा, शान्ति व प्रगति सभी के लिए

निम्नलिखित लक्ष्य (व्यापक मानवतावादी घोषणा पत्र के कुछ बिन्दु) को 5 वर्षो की कालावधि में वैकल्पिक राजनीतिक संस्कृति (निस्वार्थ सामाजिक कार्य) के माध्यम से तथा 15-20% से भी कम रक्षा बजट का भाग लक्षित कार्यो हेतु खर्च करके प्राप्त किया जा सकता है।

- सभी नागरिकों को मौलिक अधिकार स्वरूप मुफ्त एवं अनिवार्य गुणवत्तामूलक शिक्षा, नर्सरी स्तरसे लेकर 12 वीं तक। 1996 कोठारी कमीशन की सिफारिशों के अनुरूप साझा स्कूली शिक्षा व्यवस्था।
- मुफ्त एवं व्यापक स्वास्थय सेवा सभी नागरिकों के लिए। 5 वर्षो में देश के सभी जिलों में AIIMS स्तरीय अस्पतालों की स्थापना।
- सभी के लिए न्युनतम आधारभुत आवास।
- सारे देश में वहनीय व्यय पर उच्चस्तरीय लोक परिवहन की व्यवस्था जिससे की बगैर व्यक्तिगत वाहन के लोग आरामदायी यात्रा कर सके।
- सभी के लिए नौकरी तथा बेरोजगारों को उचित बेरोजगारी भत्ता।
- सभी किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाना तथा समुचित फसल बीमा की व्यवस्था करना।
- सरकारी परिवहन एवं संचार की व्यवस्था अलाभकारी आधार पर सही वहनिय दरों पर उपलब्ध कराना।
- सभी निर्वाचित राजनैतिक पदों की आयुसीमा (राष्ट्रपति, प्रधानमन्त्री, मन्त्री, मुख्यमन्त्रीजी, महापौर, राज्यपाल आदि) अधिकतम 70 वर्ष।
- कोई भी व्यक्ति निर्वाचित पद (राष्ट्रपति, प्रधानमन्त्री, मन्त्री, मुख्यमन्त्रीजी, महापौर, राज्यपाल आदि) दो बार से अधिक ग्रहण नहीं कर सकेगा।
- प्रत्येक प्रमुख नीति गत निर्णय पर लोकमत की व्यवस्था।
- मतदाता प्रत्येक निर्वाचित प्रतिनिधि को अनिवार्य रूप से हर 6 महिने में पुर्नअनुमोदित करेंगे।
- सभी स्तरों पर जन प्रतिनीधियों की वापसी का अधिकार। वास्तविक लोकतन्त्र के निर्माण हेतु लोगों की भागीदारी।

- पारदर्शिता ः चुनाव अभियान में अनुदान का स्रोत उम्मीदवारों तथा दलों को सार्वजनिक करना आवश्यक होगा

- "स्वच्छ राजनीति सभी दृष्टीयों से भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति के बराबर होती है"। स्वच्छ एवं असली लोकतन्त्र मे नफरत की राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है।

- सभी सार्वजनिक हित की जानकारी लोगों को मुफ्त में वेवसाइटों के माध्यम से प्रदान की जाएगी। आरटीआई प्रक्रिया पूरी तरह से, पारदर्शी, जल्दी और जवाबदेह बनाया जायेगा। कोई जानकारी नागरिकों से दूर नहीं रखा जा सकती है। सभी सरकारी अधिकारीयों (सभी को / किसी भी स्तर पर) अपनी आय तथा सम्पत्ति की घोषणा हर साल करनी होगी।

- सरकार की वास्तविक दैनिक कार्य में लोगों की भागीदारी का निर्माण विना देरी सुनिश्चित किया जायेगा।

- लोगों, सरकारी कर्मचारीयों और समाजके के अन्य वर्गों की सभी लम्वित समस्याऐं, युद्ध स्तरीय प्रस्तावों के आधार पर, सभी के उचित भागीदारी के साथ, बिना किसी भेदभाव के मानवतावादी समाज के मापदंडो के अन्तरगत हल की जायेंगी।

- गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाली 80 प्रतिशत आवादी, मानवतावादी सरकार की सबसे पहली प्राथमिकता होगी, उन्हें मूलभूत सुविधाऐं एवं सम्मानीय जीवन की परिस्थितीयां प्रदान करना मानवतावादी सरकार की प्रथम प्राथमिकता होगी।

- समान अवसर, लघुउद्यमों को व्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराना, स्वरोजगार तथा सहकारी लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करके बेरोजगारी समस्या का समाधान करना।

- बिना जोतदारों की सहमति और भागीदारी के कृषि भूमी पर कोई उद्योग नहीं लगाना। कोई सेज नहीं, कोई बड़ा बांध नहीं। पर्या वरण स्वरूप लघु जल विद्युत वांध बड़ी संख्या में बनाएं जाएंगे।

- बिना किसी पूर्वाग्रह के सभी सशस्त्र समुहों और पृथकतावादीयों को सम्मानित जीवन का भरोसा देते हुए बातचीत करना। उन्हें त त्काल सामाजिक जीवन की मुख्यधारा में लाना।

- विना संरक्षण तथा भेदभाव के सभी संस्कृतियों एवं धर्मो को समान रूप से सम्मान प्रदान करना।

- किसी प्रकार का परमाणु हथियार नहीं। 123 समझौता को निरस्त करना। पड़ोसी देशों के साथ शांति एवं अनाक्रमण संधि करना। तय सीमा में पारस्परिक एवं परमाणवीय हथियारों का अनुपातिक निशस्त्रीकरण करना। उर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु सौर, पवन, एवं संलयन प्रद्यौगिकी का अधिकाधिक अनुसंधान एवं प्रयोग करना।

- शान्ति व अहिंसा की नयी चेतना पैदा करने के लिए शान्ति और अहिंसा मंत्रालय स्थापित किया जाएगा।

इस प्रकार, हम देश के निवासियों के लिए विस्तृत विचार विमर्श करके, मानवतावादी घोषणापत्र तैयार कर रहें हैं। इस तरह का घोषणा पत्र आगामी सरकार की आधारशीला बनकर आरक्षण के रूप में स्थापित जाति, धर्म, के भेदभावों के शिकंजे को समाप्त कर देगा। आरक्षण स्वतः समाप्त हो जाएगा, जब सभी शिक्षा, स्वास्थय सुनिश्चित होंगे। सभी को क्वालिटी लाइफ की उपलब्धता एवं विकास करने के समान अवसर प्राप्त होगें।

# लोगों के द्वारा, लोगों के लिए, लोगों की राजनीति

## आओ इसे पूरा करें।

## मानवतावादी आपको आमन्त्रित करते हैं, इस पहल में भागीदार बनने के लिए

आगामी चुनावों में हस्तक्षेप करने हेतु, सक्रिय अहिंसा के जरिये वास्तविक लोकतन्त्र की ओर निर्णयात्मक कदम बढ़ाने के लिए अपने क्षेत्रमें सभा आयोजित करके तथा मानवतावादी अहिंसक जमीनी स्तर तैयार करने हेतु हमें बुलायें जिससे स्वयं के अर्न्तमन एवं सामाजिक, राजनैतिक परिवेश में से हिंसा को दूर करने के लिए सक्रिय अहिंसा का प्रयोग करके आगे बढ़ सकें।

**यदि आप इच्छुक हैं तो हमसे शीघ्रातिशीघ्र सम्पर्क करें**

www.humanistparty.org info@humanistparty.org

फोन ः 0-93124-65666